हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 6 नवंबर 2025

04 त्योहारी सीजन के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही...



07 ट्रैफिक वार्डन, नगर व ग्राम रक्षा समिति को सड़क ...





### 3 से प्रारंभ हुए बांद्राभान मेले का कार्तिक पूर्णिमा पर हुआ विराम, कई कार्यक्रम संपन्न

# मां नर्मदा संगम स्थित बांद्राभान में लगा मेला 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया स्नान-दान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा और तवा नदी के संगम स्थल बांद्राभान में इस समय पारंपरिक रेत का मेला लगा। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर बुधवार को यहां श्रद्धालुओं की सुबह से भीड़ से स्नान के लिए भीड़ लगने लगी। दोपहर 3 बजे अब तक डेढ़ लाख से ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं, और शाम तक यह संख्या दो लाख से ज्यादा श्रद्धालु बांद्राभान पहुंचे।

हालांकि इस बार संगम स्थल तक पानी भर जाने से श्रद्धालु तवा नदी में ही स्नान कर पाएंगे। प्रशासन ने सुरक्षा के लिए बैरिकेड्स लगाए थे ताकि कोई भी श्रद्धालु नदी पार कर संगम टापू तक न जा सके। एसपी सांई कृष्णा थोटा ने बताया मेले में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही थी। यातायात बाधित न हो इसके लिए अलग अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। चार दिवसीय मेले के दूसरे दिन मंगलवार शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। देर रात तक 20 हजार से अधिक लोग बांद्राभान पहुंचे। मेले में करीब 500 अस्थाई दुकानें और झूले लगे हैं। प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु रेत पर ही पूजन-पाठ कर दाल-बाटी, चूरमा बनाकर मां नर्मदा को भोग लगा रहे हैं। मेले में 14 पार्किंग स्थल और एक मुख्य बैरियर बनाया गया है ताकि यातायात सुचारु रहे। मध्य प्रदेश के पवित्र बांद्राभान संगम स्थल पर नर्मदा और तवा नदी के संगम में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्नान करने का विशेष धार्मिक महत्व होता है। मोक्ष की कामना के साथ प्रदेश और देशभर से हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचे।

कार्तिक पूर्णिमा पर नर्मदा तवा संगम स्थल बांद्राभान में लाखों की संख्या में श्रृद्धालुओं ने स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया गया। इस दोरान प्रशासन ने मुस्तैद रहा।



### प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम, गहरे पानी में जाने से रोकने लगाए गए बांस

प्रशासन ने गहरे पानी से श्रद्धालुओं को दूर रखने के लिए करीब 10-12 फीट की दूरी पर बांस और बल्लियां लगाई हैं। सुरक्षा के लिए कुशल तैराक, गोताखोर, पुलिस और होमगार्ड की टीमें तैनात की गई हैं। नदी क्षेत्र में मोटरबोट से पेट्रोलिंग, वॉच टावर, सर्च लाइट, वायरलेस सेट और लाइफ जैकेट की व्यवस्था की गई है।एसडीएम जय सोलंकी, डीएसपी संतोष मिश्रा, एसडीओपी जितेंद्र पाठक, प्लाटून कमांडेंट अमृता दीक्षित और अन्य अधिकारी स्थल पर डटे हुए हैं। साथ ही एक सेंटर बनाया गया है जहां लोग अपने परिजनों से बिछड़ने और खो जाने की अनाउसमेंट करा सकते हैं। अस्थाई पशु चिकित्सालय और रेस्क्यू टीम भी सक्रिय हैं। मधुमक्खी एवं सर्प से बचाव के लिए भी टीम तैनात की गई है।

### अन्य घाटों पर भी लगी आस्था की डुबकी

बांद्राभान के अलावा नर्मदापुरम जिले के सेठानी घाट, विवेकानंद घाट, आंवलीघाट, सूरजकुंड घाट, नेमावर और ओंकारेश्वर में भी श्रद्धालु स्नान करेंगे। उज्जैन की शिप्रा नदी में भी बड़ी संख्या में लोग आस्था की डुबकी लगाएंगे। सेठानी घाट पर शाम को महाआरती और महिलाओं द्वारा दीपदान का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा सोहागपुर, पिपरिया, माखननगर, सिवनीमालवा विकासखण्डों में नर्मदा के तटों पर श्रृद्धालुओं ने स्नान किया। वहीं भंडारे प्रसादी आदि का आयोजन भी किया गया। इस दोरान दूर दूर से आए भक्तों ने मां नर्मदा की आरती और कथा का पुण्यलाभ अर्जित किया। कार्तिक पूर्णिमा पर नर्मदा और तवा के संगम में स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति मानी जाती है। इस दिन श्रद्धालु पूजन, दीपदान कर मां नर्मदा को दाल-बाटी चूरमा का भोग लगाते हैं। वहीं शहर के सभी घाटों पर दीपदान कार्यक्रम भी आयोजित किये गये।

## कार्तिक पूर्णिमा पर नर्मदा में किया पुण्य स्नान, घाटों पर हुए सैकड़ो भंडारे, हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

**सोहागपुर**। कार्तिक माह की पूर्णिमा का नर्मदांचल क्षेत्र में अति महत्व है। धार्मिक महत्व की इस पूर्णिमा पर बुधवार को लाखों भक्तों ने नर्मदा घाटों पर पुण्य स्नान किया। वहीं सैकड़ों भंडारों का आयोजन भी किया गया। इस दौरान ग्रामीण अंचलों सहित आसपास के नगरों से भी श्रृद्धुल घाटों पर पहुंचे। हालाकि प्रशासन द्वारा घाटों पर इंतजाम किये गये थे लेकिन जो पर्याप्त नहीं थे। कार्तिक पूर्णिमा पर धार्मिक आयोजन के साथ साथ लोगों ने पिकनिक का भी आनंद लिया।



सोहागपुर क्षेत्र के गजनई, भटगांव, माछा, रेवा बनखेड़ी, ईशरपुर आदि छोटे बड़े सभी नर्मदा घाटों पर लाखों की संख्या में श्रृद्धालु पुण्य स्नान के लिए पहुंचे। सुबह चार बजे से ही स्नानार्थियों की भीड़ रेवा घाटों पर जुटने लगी थी। तथा मां नर्मदा में पुण्य स्नान का क्रम देर शाम तक क्षेत्र में जारी रहा। प्रशासन की ओर से एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार नर्मदा घाटों पर अवलोकनार्थ भ्रमण करते नजर आए। अधिकारियों ने घाटों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वहीं जन सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी छोटे-बड़े घाटों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। इसके बाद भी लगातार सभी घाटों पर बार-बार जाम की स्थितियां बनती रहीं। मुट्ठी भर पुलिसकर्मी यातायात की बाधा को नियंत्रित करने में असफल रहे।

### किया भंडारा आयोजन

सोहागपुर क्षेत्र के सभी नर्मदा घाटों पर सैकड़ो भंडारा आयोजन किए गए। कई लोगों ने भंडारे श्रद्धा भाव से तो कई लोगों ने मान्यताओं की पूर्णता पर भंडारे आयोजन किये। ऐसा माना जाता है की मां नर्मदा के समक्ष लोग श्रद्धा भाव से मांगे रखते हैं तथा मांग पूर्ति पर भंडारा आयोजन का वचन मां नर्मदा को दिया जाता है। इसके बाद मांग पूर्ति उपरांत रेवा घाटों पर भंडारे किए जाते हैं। इसी क्रम में सैकड़ो भंडारे रेवा घाटों पर किये गए। जिनमें श्रृद्धालुओं ने प्रसादी प्राप्त की।



### आज से प्रारंभ हुई मां नर्मदा परिक्रमा

कार्तिम पूर्णिमा से मां नर्मदा परिक्रमा की शुरुआत होती है। इस दिन बांद्राभान मेले से ही नए परिक्रमावासी नर्मदा परिक्रमा शुरू करते हैं। परिक्रमा चातुर्मास में स्थगित रहने के बाद एकादशी के पश्चात पुनः प्रारंभ होती है। र्मदा और तवा नदियों के संगम स्थल को बांद्राभान कहा जाता है। 'बांद्रा' का मतलब है बंदर और 'भान' का अर्थ है किसी चीज का आभास या एहसास। कहा जाता है कि यह स्थान कई ऋषि-मुनियों और तपस्वियों की तपोभूमि रहा है। इसलिये इसे पवित्र माना जाता है।

# तीन शावकों के सहित सफारी ट्रैक पर पहुंची बाघिन झालई

## देखरक रोमांचित हुए पर्यटक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व कोर क्षेत्र में इन दिनों बाघ साइटिंग लगातार हो रही है। खासकर नन्हें शावकों सहित बाघिनें पर्यटकों की जिप्सियों के ठीक सामने बेखौफ होकर आ रही हैं। जिसने पर्यटन माहौल को रोमांचक बना रखा है। मंगलवार चार नवंबर की सुबह कोर क्षेत्र में झालई बाघिन अपने तीन शावकों के साथ सफारी ट्रैक पर जिप्सी के सामने आ गई। देर तक बाघिन शावकों के साथ ट्रैक पर चहल कदमी करती रही। जिसे देखकर पर्यटक बहुत खुश हुए। पर्यटकों एवं गाइड्स ने बाघिन झालई तथा शावकों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं।

### पथरोटा में तेंदूए ने बछड़े का किया शिकार

इटारसी के समीपस्थ ग्राम पथरौटा में एक बार फिर तेंदुए की दहशत फैल गई है। बुधवार तड़के एक खेत में बंधे गाय के बछड़े का तेंदुए ने शिकार कर लिया। इस घटना से ग्रामीण भयभीत हैं और वन विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी जता रहे हैं। पिछले लगभग तीन माह से गांव में तेंदुए की लगातार उपस्थिति दर्ज की जा रही है। यह घटना बुधवार सुबह की है, जब तेंदुए ने खेत में बंधे गाय के बच्चे को अपना निशाना बनाया। तेंदुए ने गाय के बच्चे को लगभग 90 प्रतिशत तक खा लिया था, जिससे घटनास्थल पर भयावह मंजर था।

### आबकारी टीम ने की कार्रवाई, अवैध शराब जब्त

**नर्मदापुरम।** आबकारी टीम ने एक मारुति वेगन आर कार को जब्त कर 12 पेटी अवैध शराब जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। तत्संबंध में जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर ने बताया कि जप्त वाहन में रखी 108 लीटर देशी मदिरा जप्त की गई हैं।आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34/2 क के अंतर्गत प्रकरण कायम किया गया है।जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत रुपए 1,15,000 रूपए बताई गई हैं। बताया गया कि सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश प्रसाद अहिरवार के नेतृत्व मे अबैध मदिरा परिवहन, संग्रहण एवं विनिर्माण के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए आबकारी टीम के द्वारा मुखबिर की सुचना के आधार पर प्राइवेट बस स्टैंड रेलवे अंडर ब्रिज के पास एक सफ़ेद रंग की मारुती वेगन आर कार की तलाशी लेने पर 12 पेटी देशी मदिरा प्लेन जप्त की गई। आरोपी अरुण कीर उम्र 23 वर्ष निवासी बालाभेंट के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 34/ 2 (क) का प्रकरण कायम किया गया । जप्त मदिरा एवं वाहन की अनुमानित कीमत 115000/- आंकी गई।



# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने चौरागढ़ मंदिर में की अर्चना, पहुंचे विश्व प्रसिद्ध धाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पचमढ़ी में आयोजित हो रहे जिला कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम के दौरान, समय निकालकर पचमढ़ी के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल चौरागढ़ महादेव मंदिर में दर्शन किए।

संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से पचमढ़ी में चल रहे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के बीच, प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने धार्मिक आस्था का परिचय देते हुए भगवान शिव के इस प्राचीन मंदिर की यात्रा की।



### कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

पटवारी ने मंदिर परिसर में मौजूद भक्तों और स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान, उनके साथ मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भी पूजा-अर्चना में भाग लिया।



# युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय की सीएस ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के माता शबरी कन्या शिक्षा परिषद पवारखेड़ा में गत दिवस रमेरा युवा भारत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की प्रमुख सचिव डॉक्टर पल्लवी जैन गोविल उपस्थित थीं।

कार्यक्रम में डॉ. पल्लवी जैन गोविल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधा रोपण किया। उन्होंने छात्राओं से मेरा युवा भारत पोर्टल के बारे में संवाद किया और उनकी जिज्ञासा का समाधान किया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने आदिवासी नृत्य और योग कला का प्रदर्शन किया तथा अतिथियों ने पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र वितरित किए और पोस्टर विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर मेरा युवा भारत मध्यप्रदेश की राज्य निर्देशक तारा पारगी, क्षेत्रीय निर्देशक राष्ट्रीय सेवा योजना अशोक कुमार श्रोती, मेरा युवा भारत जिला युवा अधिकारी मोनिका चौधरी, जिला युवा खेल अधिकारी उमा पटेल, क्षेत्र संयोजक आदिवासी विकास विभाग, जान सरोवर वेलफेयर सोसायटी नर्मदापुरम अध्यक्ष साहिल तिलोटिया, प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर एवं समस्त स्टाफ तथा यूथ क्लब उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रेश मालवीय शिक्षक द्वारा किया गया।

# श्रीराम सुपर 5-एसआर -05 और 1-एसआर-14 गेहूं बीज से मिल रही है रिकॉर्ड उपज

## श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस के द्वारा विकसित गेहूं की क्रांतिकारी किस्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश में गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस द्वारा विकसित श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 और श्रीराम सुपर 1-एसआर-14 गेहूं बीजों ने उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 1-एसआर-14 और 5-रफ-05, इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। इनमें कल्ले ज़्यादा और बालियां लंबी है, और यह रोगों के प्रति सहनशील है।सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभर रही नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों के परिणाम श्रेष्ठ हैं।

**खास बातें**

- किस्म का तना बेहद मज़बूत है, जिससे फसल गिरने की संभावना नहीं रहती

अनुभवी किसान विजेन्द्र सिंह बताते हैं कि उन्होंने अपने खेत में श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 गेहूं की बुवाई की। उनका कहना है कि इस किस्म का तना बेहद मज़बूत है, जिससे फसल गिरने की संभावना नहीं रहती। साथ ही कल्लों की संख्या अधिक है और हर बाली में 85झ90 दाने मिलने से उत्पादन अत्यधिक रहा।

श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 और 1-एसआर-14 गेहूं बीज के साथ-साथ, श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस के अन्य उत्पाद जैसे श्रीराम सुपर 3-रफ-72, 303, 111, 272 भी पिछले कुछ सालों से अपनी शानदार परफॉर्मेंस के चलते किसानों में बेहद लोकप्रिय हो गए हैं।

श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस 135 वर्ष पुरानी डीसीएम श्रीराम लिमिटेड का एक हिस्सा है। यह एक अग्रणी बिजनेस ग्रुप है, जिसका टर्नओवर 12741 करोड़ है।

# सिंधी समाज ने अमित बघेल का फूंका पुतला, जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

छत्तीसगढ़ के जोहार पार्टी प्रमुख अमित बघेल द्वारा भगवान श्री झूलेलाल और संपूर्ण सिंधी समाज पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से समाज आक्रोशित है। जिसे लेकर मप्र में सिंधी समाज विरोध जता रहा है। मंगलवार को नर्मदापुरम में सतरस्ते पर सिंधी समाज के लोगों ने एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया।

समाजजन ने अमित बघेल के पोस्टर पर कालिक पोती और चप्पल-जूते मारकर माला पहनाई। फिर पेट्रोल डालकर उसके पुतले का दहन किया। सैकड़ों की संख्या में समाजजन मौजूद रहा। पुतला दहन के बाद रैली निकालकर सभी कोतवाली थाने पहुंचे। भगवान झूलेलाल और समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वाले अमित बघेल के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। वहीं इटारसी सिंधी समाज ने अमित बघेल का मुंह काला करने वालों पर एक लाख रुपए इनाम की घोषणा की है।

## नर्मदांचल में जगह-जगह हुए लंगर के आयोजन

# सिख समाज एवं पूज्य सिंधी पंचायत ने मनाया श्री गुरुनानक देव का 556वां प्रकाश पर्व, हर्षोल्लास के साथ हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्री गुरुनानक देव जयंती अर्थात श्री गुरुनानक प्रकाश पर्व बुधवार को क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें सिख समाज के गुरुद्वारा एवं सिंधी समाज के गुरुद्वारे में पूजन कार्यक्रम किये गए।

सिंधी समाज युवा संगठन की ओर से लकी किशनानी ने बताया कि बुधवार सुबह आठ बजे से मुख्य बाजार स्थित सिख समाज गुरुद्वारे में पाठ साहब व अरदास किये गए। उसके पश्चात पूज्य सिंधी पंचायत गुरुद्वारे में श्री गुरुनानक देव जी की आरती व अरदास प्रसाद कार्यक्रम किये गए।

जिसके बाद लंगर आयोजन में सामाजिक बंधुओं सहित एवं नगरवासियों ने प्रसादी पाई। पर्व पर देश में सुख, शांति व समृद्धि के लिए गुरुद्वारों में अरदास की गई। आयोजन में सिख समाज गुरुद्वारा प्रमुख ज्ञानी सुरजीत सिंह, सिंधी गुरुद्वारा से पं. ताराचंद कलतारी, प्रतिपाल सिंह खनूजा, सरताज सिंह खनूजा, मोहनदास छाबड़िया, विजय नन्नू छाबड़िया, किशनचंद जोतवानी, प्रकाश जेठानी, संजय आसवानी, लकी किशनानी आदि उपस्थित रहे।



### इटरसी में भी हुआ आयोजन

इटारसी में बुधवार को सिख समुदाय श्री गुरु नानक देव जी की 556वीं जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मना रहा है। यह पर्व गुरु पर्व या प्रकाश पर्व के नाम से भी जाना जाता है और सिख समुदाय का सबसे प्रमुख और पवित्र त्योहार है। गुरु सिंह सभा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सुबह गुरु साहब का पाठ सम्पन्न हुआ। इसके बाद गुरुनानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कीर्तन किया और इतिहास की जानकारी दी। हजूरी रागी अजीत सिंह और बाहरी रागी रविंदर सिंह सिंगरौला द्वारा कीर्तन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान पांच प्यारों का सम्मान भी किया गया।

# पचमढ़ी में पुलिस स्टाफ को दिया गया सीपीआर का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचमढ़ी में थाना पचमढ़ी स्टाफ और डायल 112 के चालकों के लिए जीवनरक्षक तकनीक कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन का एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण पुलिस कर्मियों और आपातकालीन सेवा चालकों को संकट की स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### डॉक्टर विकास टैगोर ने दिया प्रशिक्षण

यह महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अनुभवी डॉक्टर श्री विकास टैगोर द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने पुलिस कर्मियों और डायल 112 के चालकों को सीपीआर के सही तरीके, इसके महत्व और आपातकालीन स्थितियों, जैसे कि अचानक दिल का दौरा या सांस रुकने की स्थिति में इसका उपयोग कैसे करना है, के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### ट्रेंचिंग ग्राउंड की समस्या को लेकर प्रदेश अध्यक्ष के पास पहुंचे स्थानीय रहवासी

**बैतूल।** नगर के गौठाना रानीपुर रोड पर किदवई वार्ड में स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड से फैल रही गंदगी, दुर्गंध और बीमारियों से त्रस्त स्थानीय रहवासियों ने प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात कर समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग की। लोगों ने बताया कि इस ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पूरे शहर का कचरा नगर पालिका बैतूल द्वारा डाला जा रहा है, जिसके कारण घनी आबादी वाले क्षेत्र में नरकीय वातावरण निर्मित हो गया है। बदबू, मच्छर, मक्खियों के प्रकोप के साथ ही बीमारियां फैल रही हैं। कचरे पर घूमने वाले आवारा पशुओं द्वारा कचरा चारों ओर फैलाया जाता है और राहगीरों को परेशानी होती है। इस गंभीर स्थिति को कई बार नगर पालिका परिषद बैतूल, थाना बैतूल, जन प्रतिनिधियों और कलेक्टर को आवेदन देकर अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पर्यावरण मित्र रविशंकर पारखे एवं ऋषभ दयाल ने बताया कि गौठाना क्षेत्रवासी कई वर्षों से इस कचरा घर को हटाने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि यह क्षेत्र स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा बन चुका है। उन्होंने कहा कि अब जनता को राहत मिलना जरूरी है, इसलिए स्थाई समाधान ही एकमात्र विकल्प है और इसके लिए जनप्रतिनिधियों से हस्तक्षेप की अपेक्षा है।

### अब 21 नवंबर को होगी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**बैतूल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षाझ2025 की तिथि में परिवर्तन किया गया है। पूर्व निर्धारित 7 नवंबर के स्थान पर अब यह परीक्षा 21 नवंबर, शुक्रवार को दोपहर 12 से 1 बजे तक आयोजित की जाएगी।

## ट्रांसपोर्ट नगर के अभाव में सड़क पर लोडिंग-अनलोडिंग

# त्योहारी सीजन के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही से ट्रैफिक प्रभावित


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर में ट्रांसपोर्ट नगर नहीं है। हालांकि लंबे समय से मांग भी उठ रही है, लेकिन पर्याप्त जगह नहीं मिल सकी। परिणाम स्वरूप सडक़ पर ट्रांसपोर्ट और माल उतारने-चढ़ाने की प्रक्रिया चल रही है। हालात यह है कि व्यस्ततम क्षेत्रों में माल उतारा-चढ़ाया जा रहा है, जबकि माल लेकर आने वाले भारी वाहनों की धमाचौकड़ी चौबीसों घंटे भीड़ वाले क्षेत्रों में बनी रहती है। खासकर गंज में, जो शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में से एक है। यहां थोक व्यापारियों के प्रतिष्ठान और गोदाम है। जहां माल उतारा जाता है और यहीं से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में माल वाहकों से डिलीवरी दी जाती है। ये वाहन गंज, मस्जिद चौक, दिलबहार चौक, शनि मंदिर, मैकेनिक चौक जैसी प्रमुख जगहों पर खड़े दिखाई देते हैं। खासबात यह है कि ट्रक से भारी-भरकम सामानों का बंडल सडक़ों पर फेंका जाता है। जबकि दूसरी ओर ट्रकों से माल अनलोडिंग करते समय लोगों के ऊपर सामान गिरने का खतरा भी बना रहता है। गौरतलब है कि सामान को एक स्थान से दूसरे स्थान भेजने और दूसरे शहरों से सामान लाकर सामान मालिकों तक पहुंचाने का कार्य ट्रांसपोटिंग के जरिए होता है। इसमें हल्की वस्तुओं के अलावा कई बार भारी तथा बड़े-बड़े सामान भी आते है। जिसे सडक़ किनारे अनलोडिंग से ट्रैफिक व्यवस्था पर भी प्रभाव पड़ता है।

### भारी वाहनों से लगता है जाम

व्यस्ततम क्षेत्रों में भारी वाहनों के आवागमन के कारण जाम की स्थिति बन रही है। दरअसल वाहनों को आने-जाने की पर्याप्त जगह नहीं मिल पाती। इससे जाम लगता है। यातायात नियमों के तहत शहर में सुबह दस बजे से रात आठ बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध किया गया था। लेकिन इसका भी पालन नहीं हो रहा है। वाहन चालक बिना किसी रोक टोक के आवागमन कर रहे है। कई बार नागरिकों द्वारा यातायात विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत भी की गई, लेकिन भारी वाहनों के आवागमन पर रोक नहीं लग सकी है। शहर के बाहर ट्रांसपोर्ट नगर बनाए जाने के लिए ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन पहले भी कई बार जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप चुका हैं, लेकिन जमीन के अभाव में आज तक ट्रांसपोर्ट नगर नहीं बन सका है। एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों का कहना था कि पिछले दस सालों से शहर के बाहर ट्रांसपोर्ट नगर बनाए जाने की मांग समय-समय पर उठती आ रही हैं, लेकिन आज तक प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

### यातायात सुधारने बैठकें

यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बैठके होती है। इसमें निर्णय लिया जाता है, कि भीड़ वाले क्षेत्रों में निर्धारित समय में भारी वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी। कई दिनों तक अमल भी होता है, लेकिन बाद में व्यवस्था धीरे-धीरे पुराने ढर्रे पर लौट जाती है। ट्रांसपोर्ट नगर न होने से प्रमुख मार्गों पर ही वाहन दुरुस्ती के गैराज हैं। गंज क्षेत्र में बस स्टैंड, मैकेनिक चौक, विजय भवन सहित अन्य स्थान पर सडक़ों पर ही वाहनों की लोडिंग-अनलोडिंग और मरम्मत कार्य होते हैं, जिससे हादसों की आशंका लगातार बनी रहती है। जानकारों के अनुसार बैतूल के मास्टर प्लान में ट्रांसपोर्ट नगर का प्रस्ताव शामिल है, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा अब तक जमीन चिह्नित नहीं की गई है। वैकल्पिक तौर पर उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण इसका खामियाजा आमजनता को भुगतना पड़ रहा है।

### व्यवस्था सुधारने यह जरूरी

(1) व्यस्ततम क्षेत्र में रात दस बजे के बाद माल लोडिंग-अनलोडिंग की व्यवस्था।
(2) साप्ताहिक बाजार वाले दिन संबंधित क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध।
(3) भारी वाहनों के आवागमन के लिए अलग से मार्ग की व्यवस्था।
(6) व्यस्ततम क्षेत्रों की सडक़ों का चौड़ीकरण कर पार्किंग की व्यवस्था।
(7) भारी वाहनों के लोड और परमिट की नियमित जांच और करवाई।
(8) शहर के बाहर उचित स्थान की खोज कर ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना।

### व्यवस्था की जाएगी

ट्रांसपोर्ट नगर के लिए यदि जमीन का कोई इश्यू है तो मैं उसे दिखवाता हूं। यदि मास्टर प्लान में ट्रांसपोर्ट नगर का उल्लेख है तो व्यवस्था होगी।

- नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, कलेक्टर बैतूल

## रोड दिखाई नहीं दे रही, सिर्फ गड्ढे ही गड्ढे

# नेशनल हाईवे बैतूल-भोपाल मार्ग की स्थिति अत्यंत दयनीय



**शाहपुर।** बैतूल-भोपाल सड़क मार्ग की स्थिति बहुत ही ज्यादा खराब है। इस मार्ग से यात्रा करने वाले यात्री और राहगीर दोनों परेशान है। वाहन चालक सडक़ मार्ग के गडढ़ों से तो परेशान है ही, साथ ही कुंडी टोल प्लाजा पर भी टोल देकर परेशान है। शाहपुर नगर के पास कुंडी टोल प्लाजा में एक तरफ का टोल टैक्स 85 रुपए छोटी फोर व्हीलर गाडिय़ों से लिया जा रहा है, परंतु टोल प्लाजा के 100 मीटर के दायरे में इतने गड्ढे हैं कि जिसकी गिनती नहीं की जा सकती। ना टोल प्लाजा से किसी प्रकार की रियायत स्थानीय नागरिकों को मिल रही है, और ना ही हाईवे रोड निर्माण कंपनी से इन गडढ़ों का सुधार करवाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अगर 6 किलोमीटर की यात्रा भी तय करनी है या टोल से एक किलोमीटर भी आगे जाना है, तो उन्हें मासिक पास 350 का पास बनवाना पड़ेगा। अगर अपने पास नहीं बनवाया तो आपको 85 रुपए का टोल दिए बगैर अपनी यात्रा पूरी नहीं कर सकते। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर एक किलोमीटर की भी यात्रा करनी है, तो इन दोनों ऑप्शन में से किसी एक ऑप्शन को चुनना होगा। रोड की जगह गड्ढों में से गुजरना पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि जितना डीजल-पेट्रोल गाड़ी में यात्रा करने में खर्च नहीं होता, उससे कई गुना ज्यादा टोल टैक्स कुंडी को देना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने शासन से मांग की है कि स्थानीय लोगों को यह टोल पूरी तरह मुफ्त किया जाए। सडक़ के गड्ढों को पहले भरा जाए। जिससे उनकी यात्रा सुखमय हो सके। शाहपुर से इटारसी तक का मार्ग पूरी तरह अस्त-व्यस्त और गड्ढों से दुर्घटनाओं को आमंत्रित करता मार्ग है। यहां तक की टू व्हीलर मोटरसाइकिल से यात्रा करने वाले राहगीर भी हाईवे के इन गड्ढों से परेशान है।

# नवनिर्मित मोक्षधाम में घटिया मटेरियल और पुरानी टाइल्स का उपयोग



**शाहपुर।** नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत मोक्षधाम में निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें पुरानी टाइल्स को कलर करके लगाया जा रहा है। ठेकेदार की मिलीभगत से इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। वार्ड नंबर 13 की पार्षद फूलवती कैलाश यादव ने घटिया मोक्षधाम के कार्य के निर्माण को रोकने के लिए नगर परिषद अधिकारी शाहपुर को लगभग एक सप्ताह पूर्व सूचना दी, कोई रोक नहीं लगी है। नगर परिषद शाहपुर के इंजीनियर योगेश अनेराव ने बताया कि अगर निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले गिट्टी, सीमेंट, रेत मसाले और टाइल्स में गड़बड़ी की शिकायत मिली है। इसकी जांच के बाद शीघ्र ही रोक दिया जाएगा।

## पूर्व विधायक निलय डागा के नेतृत्व में ताप्ती यात्रा का भव्य आयोजन

# कार्तिक पूर्णिमा पर निकाली चुनरी यात्रा



**बैतूल।** कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पूर्व विधायक निलय विनोद डागा और उनकी पत्नी श्रीमती दीपाली निलय डागा के नेतृत्व में आयोजित ताप्ती चुनरी पद यात्रा में श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। किसानों और गरीब वर्ग की समृद्धि की कामना के लिए आयोजित इस धार्मिक यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। चुनरी पद यात्रा की शुरुआत बुधवार प्रातः 7 बजे बैतूल के लल्ली चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजन-अर्चन के साथ हुई। यह यात्रा थाना चौक, टिकारी अखाड़ा चौक, कारगिल चौक, सदर, ग्राम धनोरा, भडूस, महदगांव, डहरगांव और खेडी गांव से होते हुए दोपहर 3 बजे ताप्ती घाट पहुंची। ताप्ती घाट पर सूर्यपुत्री और जीवनदायिनी मां ताप्ती को चुनरी अर्पित की गई। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। यात्रा के दौरान श्रद्धालु जय माता ताप्ती के जयकारे लगाते हुए उत्साह के साथ नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे। श्रद्धालुओं का जोश देखते ही बनता था। पूर्व विधायक निलय डागा ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य मां ताप्ती की महिमा का प्रचार-प्रसार करना और क्षेत्र के किसानों एवं गरीब वर्ग की खुशहाली के लिए प्रार्थना करना है। उन्होंने 11 वर्षों तक यह यात्रा आयोजित करने का संकल्प लिया है। पिछले 8 वर्षों से श्री डागा और श्रीमती दीपाली डागा इस यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन कर रहे हैं। आज यह यात्रा बैतूल जिले के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में शामिल हो चुकी है।

**महिलाओं और युवाओं की विशेष भागीदारी:** इस यात्रा में महिलाओं, युवाओं और किसानों की बड़ी संख्या में भागीदारी देखने को मिली। श्रद्धालु ताप्ती घाट पर चुनरी अर्पित कर मां ताप्ती का आशीर्वाद लेने पहुंचे। पूर्व विधायक निलय डागा और श्रीमती दीपाली डागा ने यात्रा में भाग लेने वाले समस्त श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और इस आयोजन को उनकी आस्था और सहयोग का परिणाम बताया। ताप्ती चुनरी पद यात्रा, श्रद्धा, आस्था और क्षेत्रीय समृद्धि के लिए प्रार्थना का प्रतीक बन चुकी है।

**जगह-जगह हुआ चुनरी पदयात्रा का भव्य स्वागत -** बैतूल जिला मुख्यालय से मां ताप्ती घाट तक जगह-जगह चुनरी पद यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर स्वल्पाहार और जलपान की विशेष व्यवस्था की गई थी। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का सम्मान किया गया। गांव-गांव में श्रद्धालुओं का जोश और उत्साह देखने लायक था। यात्रा के स्वागत में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने भाग लिया।

## महिला सशक्तिकरण के तहत छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



**बैतूल।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में बुधवार को महिला सशक्तिकरण के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा वर्ष 2025 महिला वर्ल्ड कप जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि की खुशी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई, जिसमें महिलाओं की शिक्षा, अधिकार, सुरक्षा एवं स्वावलंबन से जुड़े संदेशों को जन-समुदाय तक पहुंचाया गया। रैली में छात्राओं ने नारी-शक्ति, समानता और आत्मनिर्भरता पर आधारित नारों के माध्यम से जागरूकता फैलाई। इसके पश्चात सामूहिक नृत्य का आयोजन किया गया।

# सतपुडा ताप विद्युत गृह के 5 कार्मिकों का मुख्य अभियंता कैथवार ने किया सम्मान




**सारनी।** सतपुड़ा ताप विद्युत गृह से अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर अक्टूबर माह में 5 कार्मिक सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त हुए सभी कार्मिकों का पुष्प गुच्छ से महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन नरेश पनवार ने स्वागत किया। मुख्य अभियंता व्हीके कैथवार और अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसएन सिंह, राजीव गुप्ता, मुख्य रसायनज्ञ पीयूष गुप्ता ने सेवानिवृत्त हुए अधिकारी, कर्मचारीयों को विभाग की ओर से शाल श्रीफल और मिष्ठान एवं सामुहिक फोटो भेंट किया। सेवानिवृत्त हुए गजानन कुरूमभटे, भागचंद प्रजापति, जितेंद्र सिंह तोमर, अशोक खंडागरे, दिवाकर को समिति की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अभियंता श्री कैथवार ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री कैथवार ने अपने उदबोधन में वरिष्ठ कार्मिको की सेवा और उनके अनुभव को कंपनी प्रबंधन सदैव याद करेगी। जिसकी पूर्ती संभव नहीं है, वरिष्ठ कर्मचरियों के योगदान को भुलाया नही जा सकता। स्व. सुरक्षा निधी समिति के सचिव अम्बादास सूने ने बताया कि समिति मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के सभी ताप और जल विद्युत गृहों और जबलपुर मुख्यालय में कार्य कर रही है। अक्टूबर माह में श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह से समिती के नियमित सदस्यों को भी भव्य समारोह में मुख्य अभियंता जे सी जुनेवाल ने सम्मानित किया। समिति के नियमित सदस्य का आकस्मिक निधन होने पर आश्रित परिवार को रूपए 75 हजार का आर्थिक सहयोग तत्काल प्रदान किया जाता है। सदस्य के आईसीयू में एडमिट होने पर साठ हजार रुपए का आर्थिक सहयोग उपचार के लिए बिना ब्याज के दिया जाता है, जो 12 किश्त में वेतन से कटौती कर समायोजित किया जाता है। समिति की स्थापना में संस्थापक सचिव वासुदेव गुरव सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेखाधिकारी जबलपुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण पर हुई सार्थक चर्चा

# गाड़ाघाट सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित



**बैतूल।** सरस्वती शिशु मंदिर गाड़ाघाट में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण विषयों पर आमंत्रित अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए कार्य करने वाली सेवा भावी संस्था की संचालिका रुक्मणी सोनारे और सहयोगी छाया चंदेल को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्य के लिए सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संघ विभिन्न विषयों को लेकर जनमानस के बीच जा रहा है। इसी कड़ी में गाड़ाघाट स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण पर विचार-विमर्श का आयोजन किया गया। कुटुंब प्रबोधन विषय पर तरुणा द्विवेदी ने कहा कि आज के दौर में संयुक्त परिवार समाप्त होते जा रहे हैं और रिश्तों में संवेदनहीनता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम दूर रहकर भी मन से जुड़े रहें, तभी सशक्त परिवार और मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है। पर्यावरण संरक्षण विषय पर निमिषा शुक्ला ने कहा कि आज हवा, पानी और मिट्टी सभी प्रदूषण की चपेट में हैं। महानगरों में तो हवा इतनी दूषित हो गई है कि सांस के साथ जहर भी शरीर में जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि हमने अभी ध्यान नहीं दिया तो आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ वातावरण देना कठिन होगा।

# पार्षदों ने नगर परिषद में चल रही गड़बड़ी के लिए उठाई आवाज




**शाहपुर।** नगर परिषद शाहपुर में पार्षदों ने जमकर हंगामा करते हुए परिषद अध्यक्ष और सीएमओ पर मिलकर वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए। पार्षदों ने कहा कि छोटे-छोटे कार्यों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है और लाखों रुपए के फर्जी बिल पास किए जा रहे हैं। वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद अंकुर राठौर ने बताया कि उनके वार्ड में 10 फीट की सीसी नाली का निर्माण कार्य, मात्र 20 हजार रुपए में संभव था, लेकिन अध्यक्ष के दबाव में सीएमओ ने 1.14 लाख रुपए का बिल पास किया। इसी तरह नगर परिषद ने करीब 3.50 लाख रुपए के पाइप खरीदे, जिनमें से केवल दो पाइप ही उपयोग में लाए गए हैं, बाकी गायब हैं। पार्षद आशीष शुक्ला ने कहा कि रजिस्टरों और कैश बुक में खाली जगह छोड़ी गई है। जिससे प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। आरोप लगाया कि अध्यक्ष और सीएमओ वाहनों का निजी उपयोग कर रहे हैं। पार्षदों ने इन मामलों की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष पम्मी छोटू राठौड़ और सभापति फूलवती कैलाश यादव और पार्षद गण उपस्थित रहे। इस संबंध में नगर परिषद अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि पार्षदों के आरोप निराधार हैं यदि भंडार एवं उपार्जन अधिनियम का उल्लंघन पाया गया तो एफआईआर दर्ज की जावेगी।

## कहा- अवैध कटाई करते पकड़े गए, तो अब आरोपी बदनाम करने की कोशिश में

# वन सुरक्षा समिति ने किया झूठे आरोपों का खंडन



**भौंरा।** वन परिक्षेत्र भौंरा के मालीखेड़ा क्षेत्र में हाल ही में हुई कार्रवाई को लेकर लगाए गए मारपीट, अभद्रता और अवैध वसूली के आरोपों को लेकर वन सुरक्षा समिति पंछी ने सख्त आपत्ति जताई है। समिति ने पंचनामा तैयार कर स्पष्ट किया है कि यह आरोप पूरी तरह निराधार और भ्रामक हैं, जिन्हें अवैध कटाई में पकड़े गए आरोपियों द्वारा वन विभाग और समिति की साख धूमिल करने के उद्देश्य से फैलाया गया है। वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष गोपाल चौहान और सदस्यों द्वारा सोमवार को तैयार किए गए पंचनामा में विस्तार से बताया गया कि तीनों आरोपी राजकुमार टोकरा, संतोष जामनगरी और मुकेश खपरिया वन परीक्षित क्षेत्र में अवैध रूप से लकड़ी की कटाई कर रहे थे। इस बात की जानकारी मिलते ही समिति के सदस्यों ने सतर्कता दिखाई और इसकी सूचना तुरंत वन परिक्षेत्र अधिकारी भौंरा को दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम के साथ समिति के सदस्यों ने मिलकर घेराबंदी कर आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। मौके से दो मोटरसाइकिलें और लकड़ी बरामद की गईं, जिन्हें जब्त कर विभाग ने भौंरा कार्यालय लाया। समिति ने कहा कि कार्रवाई पूरी तरह नियमों के तहत की गई थी और इसमें किसी प्रकार की मारपीट, अभद्रता या धन की मांग नहीं की गई थी। समिति के पंचनामा में यह भी दर्ज किया गया कि जिन व्यक्तियों को अवैध कटाई करते हुए पकड़ा गया, उन्होंने अपनी करतूत छिपाने और विभागीय कार्यवाही से बचने के लिए वन विभाग के कर्मचारियों और समिति के सदस्यों पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें बदनाम करने की साजिश रची है। वन सुरक्षा समिति के सदस्यों का कहना है कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ असामाजिक तत्व अपनी गलती स्वीकारने के बजाय झूठे प्रचार और मनगढ़ंत आरोपों के माध्यम से ईमानदार कर्मचारियों और स्थानीय समिति की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। समिति द्वारा तैयार इस पंचनामा पर शकुंतला, सुकिया, लीलाबाई, रामकली, संतोष, मिश्रीलाल, रामेश्वर, सुमरलाल, श्रीराम, प्रकाश, झालू, मुकेश, कमलेश, अंगद सहित ग्राम के अन्य सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं। सभी ने कहा कि उन्होंने जो देखा और लिखा है, वही सच्चाई है। और कार्रवाई के दौरान किसी के साथ भी गलत व्यवहार नहीं किया गया। वन सुरक्षा समिति ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे झूठे आरोप लगाने वालों के विरुद्ध जांच की जाए।

### इनका कहना है -

आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। जिन व्यक्तियों को अवैध रूप से लकड़ी के साथ पकड़ा गया था, उन्हें आवश्यक कार्यवाही के तहत पुलिस थाना शाहपुर की कस्टडी में रखा गया था। कस्टडी में रखने से पहले आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराया गया था और मुचलके पर छोड़े जाने से पूर्व भी उनका दोबारा मेडिकल परीक्षण किया गया, जिसमें वे पूर्णत: सही और स्वस्थ पाए गए। किसी भी कर्मचारी द्वारा किसी प्रकार की मारपीट या धन की मांग नहीं की गई। जिन लोगों को अवैध कटाई के साथ पकड़ा गया था, वही अब विभागीय कार्यवाही से बचने के लिए झूठे और निराधार आरोप लगाकर वन विभाग की छवि धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

उत्तम सिंग सत्या, उपवन मंडलाधिकारी शाहपुर

## खबर संक्षेप



### मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

सीहोर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं का मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य को पहचानने के लक्षण एवं सुधार के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिलाओं से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास की अपर संचालक सीमा सिंह ठाकुर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर एवं अन्य महिला हितेषी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में डीपीओ ज्ञानेश खरे, डायरेक्टर डॉ अखिलेश कुमार शुक्ला, डीएसपी पूजा शर्मा सहित पुलिस, शिक्षा, आईटीआई एवं जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा प्रतिनिधि शामिल हुए।

### आष्टा जनपद पंचायत कार्यालय में रोजगार मेला 11 को लगेगा

सीहोर। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 11 नवंबर को सुबह 11 बजे से आष्टा जनपद पंचायत परिसर में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 15 कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फाइनेंस एडवाइजर, मशीन आपरेटर, पैकर्स, प्रमोटर, सिक्योरिटी गार्ड, अप्रेंटिसशिप, ऑपरेटर, फिटर, एसी मैकेनिक, मोटर वाइंडर, सीआरपी ऑपरेटर, यूटिलिटी फिटर, क्रेडिट कार्ड सेलर के 400 पदों पर भर्ती की जायेगी। इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक एवं अन्य मूल प्रमाणपत्रों के साथ जनपद पंचायत परिसर आष्टा में उपस्थित हो सकते हैं। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत युवक/युवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा।

### कांग्रेस का 'संगठन सृजन' कार्यक्रम: जिलाध्यक्षों को गांव की नब्ज पहचानने का प्रशिक्षण

# प्रदेश में कांग्रेस को पुर्नस्थापित करने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को कर रहे प्रशिक्षित

संगठन सृजन कार्यक्रम' के दौरान आज प्रदेश भर से आए जिला अध्यक्षों को एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कांग्रेस के कई बड़े नेता मौजूद रहे। इस दौरान कई विषयों की जानकारी दी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



कांग्रेस के महत्वाकांक्षी 'संगठन सृजन कार्यक्रम' के दौरान प्रदेश भर से आए जिला अध्यक्षों को एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। इस ट्रेनिंग के तहत उन्हें पचमढ़ी के समीपस्थ ग्रामों का भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्हें गाँव की समस्याओं को समझने और ग्रामवासियों से सीधा संवाद स्थापित करने के गुर सिखाए गए।

यह कवायद जमीनी स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूत करने की कांग्रेस की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

#### संवाद और समस्या समाधान पर ज़ोर

जिला अध्यक्षों ने भ्रमण के दौरान ग्रामवासियों से खुलकर चर्चा की। उन्हें सिखाया गया कि कैसे गांव की बुनियादी समस्याओं जैसे पेयजल, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को पहचानें और उनके समाधान के लिए पार्टी के एजेंडे को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करें।

#### प्रशिक्षण में शामिल किए गए 'अन्य पहलू'

गाँव की समस्याओं और संवाद के अलावा, जिला अध्यक्षों को कई अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी गहन प्रशिक्षण दिया गया, जो उन्हें ग्रामीण राजनीति और संगठन संचालन में कुशल बनाएंगे।

#### बूथ प्रबंधन और मतदाता सूची का अध्ययन

बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं की टीम को मजबूत करना। मतदाता सूची में नए नाम जुड़वाने और विसंगतियों को दूर करने की प्रक्रिया समझना आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान डोर-टू-डोर (घर-घर) प्रचार की रणनीति कैसे बनाई जाए तथा उस पर किस तरह अमल किया जाए इस बात की ट्रेनिंग दी गई। साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी और उनका क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई।

प्रशिक्षण में बताया गया कि जिलाध्यक्ष को केंद्र और राज्य सरकार की ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की पूर्ण जानकारी रखना जरूरी है। साथ ही लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ न पहुँचने के कारणों को पहचानना और इस मुद्दे को उठाना।योजनाओं के क्रियान्वयन में स्थानीय प्रशासन की कमियों को उजागर करना।

#### सामाजिक समरसता और स्थानीय गुटों से तालमेल

गाँव के विभिन्न सामाजिक वर्गों जाति, धर्म, समुदाय के बीच संतुलन और समन्वय स्थापित करना आदि का प्रशिक्षण दिया।

## कार्तिक मास की पूर्णिमा से नर्मदा परिक्रमा पर निकले श्रृद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नगर से 15 किलोमीटर दूर मां नर्मदा के तट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेला लगा कार्तिक पूर्णिमा का मां नर्मदा में स्नान करने का बड़ा महत्व है बड़ी संख्या में सांगा खेड़ा खुर्द मां नर्मदा के तट पर श्रद्धालुओं ने नर्मदा में स्नान करके पुण्य लाभ अर्जित किया वही देवउठनी एकादशी से मां नर्मदा की परिक्रमा भी प्रारंभ हो गई है मां नर्मदा की परिक्रमा में आस्था रखने वाले अनेक श्रद्धालुओं ने नर्मदा तट पर पूजन भंडारा इत्यादि करके मां नर्मदा की परिक्रमा प्रारंभ की। कुछ श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के तट सांगा खेड़ा खुर्द से तो कुछ श्रद्धालुओं ने दूसरे नर्मदा घाटों से मां नर्मदा की परिक्रमा प्रारंभ की।

### द लर्निंगस्टेम स्कूल की छात्रा ने जीता कांस्य पदक



पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र के द लर्निंगस्टेम स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा आधया सोलंकी ने इंदौर में आयोजित स्टेंट रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया और रजत पदक जीता ।दस हजार मीटर इनलाइन स्पीड रेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया।इस प्रतियोगिता में 100मीटर रेस में कांस्य पदक जीता।30भी आर एस एफ आई स्टेंट प्रतियोगिता के तहत आयोजन किया गया एमरल्ड हाट्र्स में आयोजित किया गया था। कक्षा 9वी की छात्रा आधया सोलंकी ने अपनी उपलब्धियां हासिल कर नगर एवं स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के संचालक हर्ष मालपानी आदित्य मालपानी चंद्र कांत सोनी सहित अन्य सभी ने बधाई आशीर्वाद शुभकामनाएं दीं।

## मप्र जन अभियान परिषद की समितियां करेंगी ज़रूरतमंदों में वस्त्र वितरण किया

### बैठक में लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मप्र जन अभियान परिषद नगर सोहागपुर समिति की बैठक गत दिवस अध्यक्ष अभिनव पालीवाल व सचिव ऋषभ गढ़वाल की उपस्थिति में की गई। मित्र संघ प्रमुख कमल किरार ने बैठक की, जिसकी अध्यक्षता विकासखंड समन्वयक किशोर कड़ोले ने की एवं कैलाश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में समाज एकजुटता, जनता में स्वावलंबन, सोशल मीडिया का समाजहित में उपयोग एवं शासकीय योजनाओं के प्रचार, पर्यावरण, स्वास्थ्य व शिक्षा के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने तथा कोर ग्रुप गठन का निर्णय लिया गया। बीसी कड़ोले ने 'सत्यवाक लेखन अर्थात बोलती दीवार' अभियान संचालन के निर्देश दिए।

#### करेंगे वस्त्र वितरण

सोहागपुर नगर समिति अध्यक्ष अभिनव पालीवाल ने बताया कि आगामी माह में नवांकुर समितियां जनसेवा अभियान शुरू करेंगीं। जिसमें जरूरतमंद व निर्धन लोगों को सर्दियों में वस्त्र वितरित किये जाएंगे। इसकी जिम्मेदारी निर्मल विकास सेवा समिति को सौंपी गई। साथ ही प्रति माह दो प्रमुख जनहित कार्य नियमित रूप से करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में गजेन्द्र ठाकुर, सचिन विश्वकर्मा, सन्देश मिश्रा, रवि ऊईके, नेहा एवं शफीक खान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## बाइक के मॉडिफाइड साइलेंसरों की आवाज से ग्रामवासी परेशान

### ग्रामीणों ने प्रशासन से की कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों युवाओं द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल की साइलेंसरों को मोडिफाइड करके विभिन्न प्रकार की आवाज निकालने एवं रील बनाने की प्रतिस्पर्धा चल रही है इन मॉडिफाइड साइलेंसरों से बंदूक एवं पटाखे जैसी आवाज निकलती है जिंससे लोगों को बेचैनी महसूस होती है एवं घबराहट भी होने लगती है युवाओं द्वारा खासकर रात में इस प्रकार की गतिविधियां की जा रही है

आम लोगों द्वारा प्रशासन से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है संबंध में चौकी प्रभारी आकाशदीप से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हम इस प्रकार के वाहनों की जानकारी लेकर उचित कार्रवाई करेंगे।

## शिक्षक उमेश बैडमिंटन स्पर्धा के लिए फील्ड ऑफिसर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



उमेश कुमार बरैया बैडमिंटन प्रतियोगिता हेतु फील्ड ऑफिसर नियुक्त। लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के आदेश क्रमांक 992 दिनांक 29 10 2025 के आदेशानुसार राज्य स्तरीय शेल बैडमिंटन अंडर 17 19 बालक बालिका दिनांक 7 से 11 नवंबर 2025 तक आयोजित छिंदवाड़ा हेतु प्रतियोगिता का फील्ड ऑफिसर नियुक्त किया गया है विगत कई वर्षों से वह बैडमिंटन के स्टेट ऑफिशियल के रूप में कार्य कर रहे हैं कहां थी टेबल टेनिस स्टेट ऑफिशियल के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। फील्ड ऑफिसर के रूप में उनका यह दायित्व होगा कि वह प्रतियोगिता से पूर्व पहुंचकर समस्त संभागों से संबंध में स्थापित करें और विगत वर्ष के परीक्षा परिणाम के आधार पर निर्विवाद फिक्चर तैयार करेंगे तथा प्रतियोगिता में उपस्थित समस्त खिलाड़ियों के पात्रता प्रमाण पत्र की जांच भी कराएंगे प्रतियोगिता से संबंधित रिकार्ड भी जिला शिक्षा अधिकारी से लेंगे एवं विजेता को और उपविजेता टीम को प्रावीण्यता प्रमाण पत्र जमा बनवाकर वितरित करवाएंगे। संपूर्ण प्रतियोगिता उनके निर्देशन में संपन्न होगी। संस्था शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचमढ़ी के लिए यह गौरव क्षण है । के संस्था के एक शिक्षक को वरिष्ठ कार्यालय द्वारा यह जिम्मेदारी सौंप गई है,संस्था के समस्त कर्मचारी बीना अग्रवाल कविता कनोजिया मधु परते शिवम नागवंशी एवं समस्त अतिथि शिक्षक सहित पचमढ़ी के समस्त खेल प्रेमी ने बरैया सर को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## शिक्षा पर्यावरण व मूल्य हमारे आधार स्तंभ हैं: पंकज सिंह




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम में भोपाल निवासी श्री पंकज सिंह चौहान जो अपनी भारत भ्रमण यात्रा के दौरान विभिन्न जिलों से होकर आज कुसुम महाविद्यालय आगमन हुआ प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया 1 श्री चौहान ने बताया कि भारत भ्रमण का लक्ष्य भारत की विविध संस्कृति, इतिहास, और प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करना है। इसी अभियान के तहत सभी जनमानस को वैदिक शिक्षा , जीवन मूल्य और पर्यावरण के प्रति सबको जागरूक करना है प्राचार्य महोदय ने कहा कि आपका लक्ष्य अवश्य सफल होगा और सभी जनमानस आपके महत्वपूर्ण कार्य में जरूर साथ देंगे।

## विकासखंड के हायर सेकंडरी स्कूलों को मिली गणित की किट, बच्चों को मिलेगी सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूलों में गणित विषय को और अधिक सरल तरीके से समझाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाडा मे किट प्रदान की गई गणित किट में प्राप्त सामग्री छात्रों को ज्यामिति, बीजगणित और कलन जैसी अवधारणा को बेहतर ढंग से समझने में मदद करती है गणित विषय की संपूर्ण किट प्रयोगशाला मैन्युअल छात्रों को सर्वसमिकाएं को सत्यापन करने के लिए कार्डबोर्ड एवं ड्राइंग शीट का उपयोग करना दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करने के लिए तर्क शक्ति अमूर्त सोच और तर्क वितरण करने की क्षमताओं को विकसित करने के लिए उपयोगी है इससे हायर सेकेंडरी के गणित के छात्रों को पाठ्यक्रम अनुसार विषय वस्तु की अवधारणाओं को स्पष्ट करने में मदद मिलेगी तथा छात्र-छात्राएं सरल तरीके से गणित के प्रश्नों को हल कर सकेंगे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाडा के प्राचार्य राममोहन रघुवंशी द्वारा गणित विषय की सामग्री की किट विषय शिक्षक वीरेंद्र कुमार यादव को सौंपी गई कक्षा ग्यारहवीं गणित विषय में अध्यनरत छात्रा कुमारी नीता तोमर बताया कि गणित विषय की सहायक सामग्री मिलने पर गणित के प्रश्नों को सरल तरीके से हल कर सकेंगे।

## सिंधी समाज ने निकाली आक्रोश रैली, जलाया अमित बघेल का पुतला, की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




बुधवार शाम पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान मे एक आक्रोश रैली शास्त्री वार्ड स्थित सिंधी गुरुद्वारा भवन से एसडीएम कार्यालय तक निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या सामाजिक महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने सहभागिता की। सभी ने अमित बघेल के खिलाफ नारे लगाए एवं उसके पुतले पर जूतों की माला पहनाकर उसका दहन किया।

उल्लेखनीय है कि गत दिनों अमित बघेल ने अपशब्दों का उपयोग कर सिंधी समाज एवं भगवान झूलेलाल को अपमानित किया। उसके बाद देशभर में सिंधी समाज आक्रोश रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। इसी क्रम में बुधवार को सोहागपुर में रैली निकाली गई। इस दौरान समाज के वरिष्ठ कृपालदास छाबड़िया, नारायण दास छाबड़िया, जेडी गोलानी, गेलाराम तोलानी, मनोज गोलानी, नन्नू छाबड़िया, अर्जुन ईसरानी, दिव्यांश छाबड़िया, लक्की किशनानी, पंकज गोलानी व महिला सिंधु शाखा से पायल जेठानी, हंसिका किसनानी, दिव्या इसरानी, मान्या तोलानी, दिया, मुस्कान छाबड़िया, नेहा किसनानी, ज्योति तोलानी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक महिला, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे।

### मनाया गया प्रकाश पर्व जगह-जगह हुए आयोजन

# सिख समाज ने निकाला नगर संकीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र में पचमढ़ी रोड स्थित गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी वनवारी रोड के गुरुद्वारे से शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो महिलापुरुष सभीयुवक शामिल हुए। गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व 5दिवसीय समागम शुरू नगर कीर्तन निकाला गया जगह-जगह स्वागत द्वारतैयार किए गए।पंण प्यारो की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें इतवारा बाजार गुरु सिंघ सभा के अध्यक्ष गुरदीप सिंह राजू मल्होत्रा ने बताया कि गुरुनानक देव के 556वे प्रकाश उत्सव पावन पर्व को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

दिवसीय विशाल धार्मिक समागम का आगाज किया गया। श्रद्धा पूर्वक 15अकटुबर से प्रभात फेरी निकाली गई। बच्चों को भी पंच प्यारे वनाया गया बच्चों में गुरू सिंह इतिहास के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सभी मुख्य मार्ग पर होते हुए कीर्तन निकाला गया। पचमढ़ी रोड पर पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल केदारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया तो राजीव जायसवाल ने पंच प्यारे का पूजन किया गया।नगर पालिका परिषद, मंगलवारा दुर्गा मंदिर समिति ने हिंदू उत्सव समिति ने सहित सभी जगह हजारों श्रद्धालुओंकै द्वारा स्वागत सम्मान कियागया।

जिसमें मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांतरघुवंशी कांग्रेस कमेटी से दीप रंजीत सिंह छाबड़ा कमलेश साहु राजा भैया पटेल सुजीत रघुवंशी पूर्व जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंदराय पवन वालिया सहित अन्य सभी शामिल हुए।

### जिस आनंद को खोज रहे हैं, सही मायने में वह, हमारे अंदर ही है : वरुण आचार्य

सीहोर। म.प्र. जन अभियान परिषद् और आनंद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय अल्प विराम कार्यशाला का शुभारंभ सभाकक्ष जनपद पंचायत सीहोर में मां सरस्वती जी पूजन से हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि वरुण आचार्य, संभाग समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद संभाग भोपाल, पारुल उपाध्याय जिला समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद् जिला सीहोर, नमिता बघेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीहोर, जन अभियान परिषद् विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर, मास्टर ट्रेनर मंगलेश जायसवाल, राकेश शर्मा, बबली शर्मा सहित समस्त विभागों के 60 से अधिक अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद थे। जन अभियान परिषद् के विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर ने कार्यशाला में अतिथियों का परिचय करवाते हुए पुष्पमाला से स्वागत करवाया गया।

## कार्तिक मास की पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई मां नर्मदा में डुबकी, लगा भक्तों का मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की मां नर्मदा के किनारे बसे गांव में कार्तिक मास की पूर्णिमा को प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम पंचायत खैरा,सुरेला किशोर, सिवनी ग्राम पंचायत सहलवाडा,सांडियाकेदोनो चांटों पर मेला लगा रहा सुबह से लेकर देर रात तक पैदल चलकर जाने वाले लगभग 20हजार लोग शामिल हुए।तो साष्टांग दंडवत करके जाने वाले भी हजारों श्रद्धालुओंके द्वारा तथा पूर्णिमा पर सुबह से लेकर रात तक लगभग 2लाख से अधिक लोगों ने स्नान किय। तथा भंडारे के आयोजन भी सैकड़ों जगह चल रहे थे।

इस दौरान रास्ते में रोककर कर सैकड़ों समाजसेवी संगठनों के अलावा विशेष रूप से सामाजिक स्तर पर खापरखेड़ा में प्रशांत राय के द्वारा लगातार 2दिन तक अपनी दाल मिल पर भंडारा आयोजित किया गया। पुलिस अधिकारी तैनात रहे।

कोटवार उपयंत्री एसडीओ प्रभोरी गिरीश त्रिपाठी थाना प्रभारी सहित पुलिस चौकी प्रभारी सहित अन्य सभी पटवारी तहसीलदार वैभव बैरागी एसडीएम नायाब तहसीलदार सचिव रोजगार सहायक सरपंच सहित अन्य सभी शामिल हुए।सांडियामेतो कुछ लोगों को तेज बहाव होने पर डुबने से बचाया गया। लाईट माईक सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं तैनात रहीं। लेकिन जनता के द्वारा लगातार कोई सहयोग नहीं किया गया।बार बार जाम लगता रहा। लोगों ने पार्किंग स्थल पर वाहन नहीं लगाया जिससे अन्य लोगों को कोईसुविधा का लाभ नहीं मिल रहा था।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजनों के लिए चिन्हांकन शिविर आज

**रहटगांव।** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जिले में 18 वर्ष तक के दिव्यांगजनों के चिन्हांकन के लिये 16 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में चिन्हांकन के बाद दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, यूडीआईडी कार्ड प्रदाय किये जायेंगे। ये शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किये जा रहे है। उप संचालक सामाजिक न्याय श्री कमलेश सिंह ने 6 नवम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रहटगांव में शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होने दिव्यांगजनों से अपील की है कि शिविर स्थल पर निर्धारित समय पर उपस्थित होकर दिव्यांग प्रमाण-पत्र के लिये चिन्हांकन करावें ताकि शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सके।

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**हरदा।** जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के चारखेड़ा गांव में बुधवार सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पत्नी ने सुबह उसे फंदे पर लटका पाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान रोहित नथ के रूप में हुई। रोहित नथ के एक बेटा और दो बेटियां हैं। वह मजदूरी और बाजा बजाने का काम करता था और अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। रोहित अपने बूढ़े माता-पिता के साथ रहता था, जबकि उसका बड़ा भाई किसी अन्य जगह मजदूरी करता है। टिमरनी थाने के एसआई रामविलास करपे ने बताया कि मृतक की पत्नी के अनुसार, मंगलवार रात लगभग 9 बजे परिवार के सभी सदस्य खाना खाने के बाद सो गए थे। सुबह उठने पर पत्नी ने रोहित को घर के अंदर के कमरे में फंदे पर लटका पाया। फिलहाल युवक ने आत्महत्या क्यों की, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### लम्पी वायरस से बचाव के लिए पशुओं का कराएं टीकाकरण

**हरदा।** प्रदेश के झाबुआ, रतलाम, बैतूल, बड़वानी, सिवनी, सागर एवं भोपाल जिलों से पशुओं में लम्पी स्किन डिसीज़ की जानकारी मिली है। इस संबंध में पशुपालन विभाग द्वारा लम्पी वायरस से बचाव एवं रोगग्रस्त पशुओं के उपचार के संबंध में एडवाइजरी जारी की है। संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ. पी. एस. पटेल ने बताया कि इस रोग से बचाव के लिए पशुओं को प्रतिबंधात्मक टीका अवश्य लगवाएं। पशुपालक अपने पशुओं में लम्पी स्किन डिसीज के लक्षण दिखाई देने पर निकटतम पशु औषधालय/पशु चिकित्सालय से तत्काल संपर्क कर बीमार पशुओं का उपचार कराएं। स्वस्थ पशुओं को बीमार पशुओं से अलग रखें। स्वस्थ पशुओं का टीकाकरण कराएं। पशु रखने के स्थान की सफाई रखें एवं पशुओं के शरीर पर परजीवी जैसे किल्ली, मक्खी, मच्छर आदि को नियंत्रित करने के उपाय करें। डॉ. पटेल ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा लम्पी वायरस की चुनौती से निपटने के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे हैं। संक्रमण से बचाव के लिए टीकों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, मुफ्त टीकाकरण किया जा रहा है एवं पशु पालकों को रोग से बचाव के संबंध में आवश्यक परामर्श दिया जा रहा है। प्रदेश में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा माह अप्रेल 2025 से कुल 41.5 लाख पशुओं को एल.एस.डी. रोग प्रतिबंधात्मक टीका लगवाया जा चुका है। मुफ्त टीकाकरण कार्य निरंतर जारी है।

### एक दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी

**सीहोर।** सोशल मीडिया पर सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान/गेहूँ खरीदी नहीं किए जाने संबंधी प्रसारित हो रहे समाचार के संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी ने वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए जानकारी दी कि मध्यप्रदेश शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय से जारी एसओपी अनुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाना है जिसकी तैयारी उपार्जन एजेंसी द्वारा की जा रही हैं। दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक पर मोटा धान की खरीदी के निर्देश हैं।

### नागरिकों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने यातायात पुलिस की पहल

# ट्रैफिक वार्डन, नगर व ग्राम रक्षा समिति को सड़क दुर्घटनाएं रोकने के गुर बताए






हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को सेमिनार हॉल में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 160 ट्रैफिक वार्डन, नगर रक्षा समिति और ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अमित कुमार मिश्रा ने सुरक्षा समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने की अनिवार्यता और यातायात नियमों के पालन की अपील की। उन्होंने राहवीर योजना के बारे में भी बताया, जिसके तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाकर जान बचाने वाले व्यक्ति को शासन द्वारा 25,000 का पुरस्कार दिया जाता है।

#### सुरक्षा समिति के सदस्य पुलिस विभाग का अभिन्न अंग

इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक रजनी गुर्जर ने कहा कि सुरक्षा समिति के सदस्य पुलिस विभाग का अभिन्न अंग हैं और वे समाज में पुलिस के सहयोगी के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सदस्यों से न केवल स्वयं यातायात नियमों का पालन करने, बल्कि अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को भी नियमों का पालन करने के लिए जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। थाना प्रभारी सूबेदार उमेश ठाकुर ने यातायात नियमों के साथ-साथ भारत सरकार की राहवीर योजना, हिट एंड रन प्रतिकर योजना और केशलैस उपचार योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी किया। कार्यक्रम में आरआई रजनी गुर्जर, सूबेदार उमेश ठाकुर, हेड कॉन्स्टेबल महेश शर्मा, आरक्षक अभिषेक, नीरज तिवारी, रतन और ललित गुर्जर सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## सड़क हादसे में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**हरदा।** जिले के हंडिया थाना क्षेत्र में बुधवार को एक सड़क हादसे में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा हंडिया के पेट्रोल पंप के पास हुआ, जहां दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। पुलिस के अनुसार, ग्राम हंडिया निवासी सतीश तिवारी (55) अपने खेत की मोटर के लिए डीजल लेने बाइक से पेट्रोल पंप जा रहे थे। तभी हरदा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक उनसे टकरा गई। भिड़ंत में सतीश तिवारी को सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें हंडिया अस्पताल ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। दूसरी बाइक का चालक भी घायल बताया जा रहा है। मृतक सतीश तिवारी चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे और हंडिया के मीडियाकर्मी अवधेश तिवारी के बड़े भाई थे। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

## सिख समाज ने नगर संकीर्तन जुलूस निकाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मंगलवार शाम गुरुनानक देव के 556वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समाज द्वारा नगर संकीर्तन जुलूस निकाला गया। रेलवे स्टेशन के पास स्थित गुरुद्वारे से पंज प्यारों की अगुवाई में यह जुलूस शुरू हुआ, जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पंच प्यारे आगे ध्वजा लेकर चल रहे थे, जबकि गुरु नानक देव की तस्वीर को पालकी में निकाला गया। दसों गुरुओं की बड़ी-बड़ी तस्वीरों वाली झांकियां और गुरु ग्रंथ साहिब की विशेष झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं। समाज की महिलाएं भक्ति भजन गाती हुई चल रही थीं, वहीं पुरुष शब्द कीर्तन कर रहे थे। 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से पूरा माहौल धर्ममय हो गया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने गुरु राह में अपनी आस्था प्रकट की और पालकी पर मत्था टेककर आशीर्वाद लिया।

गुरुद्वारे के ज्ञानी राजवीर सिंह ने बताया कि गुरुनानक देव जी ने जीवन भर सद्भावना और समानता के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने पंगत और संगत की बात कही, ताकि ऊंच-नीच और जातिवाद समाप्त हो सके। उन्होंने नारी को सम्मान देने और अपनी कमाई का दसवां हिस्सा समाज की भलाई में खर्च करने का संदेश दिया। नगर कीर्तन के दौरान पंजाब की इंटरनेशनल गतका पार्टी के 21 कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए, जिसने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### प्रभावित इलाकों में घर-घर सर्वे कराया जा रहा है

# डेंगू, मलेरिया का कहर जारी, 6 नए मरीज मिले




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में डेंगू और मलेरिया का प्रकोप एक बार फिर चिंता का कारण बन गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार जिले में चार नए डेंगू और दो मलेरिया के मरीज सामने आए हैं। इन नए मामलों ने प्रशासन के साथ-साथ आमजनों की भी चिंता बढ़ा दी है।

नए डेंगू मरीजों में दो आष्टा से और दो बुदनी क्षेत्र से मिले हैं, जबकि मलेरिया के मरीजों में एक श्यामपुर और एक बुदनी क्षेत्र का है। नए केस सामने आने के बाद मलेरिया यूनिट की टीमें तत्काल सक्रिय हो गई हैं। प्रभावित इलाकों में घर-घर सर्वे चलाया जा रहा है, जिसमें लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही है। मच्छरों को नष्ट करने के लिए फॉगिंग और कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया जा रहा है, ताकि संक्रमण को फैलने से पहले ही रोका जा सके।

#### बढ़ते जा रहे आंकड़े

इन नए मामलों के साथ जिले में अब तक डेंगू के कुल 21, मलेरिया के 8 और चिकनगुनिया के 7 मरीज दर्ज किए जा चुके हैं। नए मामले आने के बाद विभाग सभी प्रभावित क्षेत्रों में नजर बनाए हुए हैं।

#### तापमान बना खतरा

बारिश का मौसम बीत चुका है फिर भी तापमान में कमी न आने के कारण डेंगू और मलेरिया का खतरा बना हुआ है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक दिन का तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के करीब नहीं आता, तब तक मच्छरजनित बीमारियों का प्रकोप पूरी तरह समाप्त नहीं होता। वर्तमान में दिन का तापमान 25 डिग्री से ऊपर और रात का 20-23 डिग्री के बीच है, जो मच्छरों के लिए अनुकूल है। जिला मलेरिया अधिकारी क्षमा बर्वे ने बताया कि डेंगू के चार और मलेरिया के दो नए मरीज मिले हैं। उनकी टीमें लगातार सर्वे कर रही हैं और कोई बीमार व्यक्ति मिलने पर उसे तत्काल अस्पताल भेजा जा रहा है। साथ ही लोगों को बीमारी से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं।

#### नागरिकों के लिए एडवाइजरी

विभाग ने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। तेज बुखार, कंपकंपी, उल्टी, सिरदर्द जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सालय पहुंचे। बचाव के उपायों में रात में मच्छरदानी का उपयोग, आसपास की सफाई और पानी जमा न होने देना खासकर ड्रम, टंकी या खाली प्लॉट में।

## पेट्रोल पंप संचालक को सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायाधीश शिवानी श्रीवास्तव ने एक महत्वपूर्ण फैसले में पेट्रोल पंप संचालक आदित्य शर्मा को लापरवाही के लिए एक वर्ष का सश्रम कारावास और 2000 के अर्थदण्ड से दंडित किया है। न्यायालय ने आरोपी आदित्य शर्मा निवासी अरेरा कॉलोनी हबीबगंज भोपाल को धारा 304.ए भारतीय दण्ड संहिता के तहत दोषी पाते हुए यह सजा सुनाई। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रानी जैन ने बताया कि यह मामला जताखेड़ा एचपी पेट्रोल पंप से संबंधित है। घटना के संक्षिप्त विवरण के अनुसार मृतक सचिन वर्मा पेट्रोल पंप पर कार्य कर रहे थे, जब वे बिजली के संपर्क में आने के बाद बेहोश हो गए थे। उन्हें तुरंत जिला चिकित्सालय सीहोर ले जाया गया, जहां प्राथमिक मेडिकल परीक्षण में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।पीएम रिपोर्ट की क्यूरी पर डॉक्टर द्वारा मृत्यु का कारण करंट लगने पर पानी में गिरने से डूबना बताया गया. विवेचना के दौरान पेट्रोल पंप संचालक आदित्य शर्मा के विरुद्ध थाना मंडी में अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना उपरांत यह पाया गया कि संचालक की लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई, जिससे सचिन वर्मा की मौत हो गई। अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी को धारा 304.ए के तहत दंडित किया। शासन की ओर से पैरवी रानी जैन सहायक जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा की गई।

## आठ बार शिकायत, आरोपी गिरफ्तार नहीं: पुलिस पर आरोप, पीड़ित ने एसपी को दिया शिकायत पत्र

**सीहोर।** जिले के भेरूंदा क्षेत्र में पुलिस की कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां एक पीड़ित ने 2019 से 2025 के बीच आठ बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। परेशान होकर पीड़ित ने जनसुनवाई में गुहार लगाई और जिला पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपी।

**कृषि भूमि विवाद बना झगड़े की वजह :** मंडी ग्राम निवासी नवीन यादव ने अपनी मां क्षमा बाई के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर बताया कि गांव का विष्णु यादव पिछले दस वर्षों से उनकी कृषि भूमि को लेकर विवाद कर रहा है। आरोपी आए दिन गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देता है। नवीन ने बताया कि परिवार में अकेले होने की वजह से वे लगातार डर के माहौल में जी रहे हैं। इसी विवाद के चलते वर्ष 2010 में उनके पिता दयाराम यादव की मौत भी हो गई थी। नवीन यादव ने बताया कि उन्होंने 10 दिसंबर 2019 से लेकर 3 नवंबर 2025 तक आठ बार भेरूंदा थाने में आवेदन और एफआईआर दर्ज कराई। लेकिन पुलिस ने न तो आरोपी पर कोई कार्रवाई की और न ही गिरफ्तारी की। उल्टा, कई बार उनके खिलाफ ही कार्रवाई की गई।

## भावांतर के तहत फसल खरीदी प्रक्रिया में रखी जाए पारदर्शिता: सचिव निशांत वरवड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के सचिव निशांत वरवड़े ने सीहोर कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने भावांतर भुगतान योजना के संचालन की स्थिति देखी और मंडी में चल रही खरीदी, तुलाई एवं भुगतान प्रक्रिया की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नीलामी शेड, तुलाई प्रक्रिया, भुगतान पंजीयन और खरीदी की व्यवस्थाओं को देखा तथा मंडी सचिव को निर्देश दिए कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता रखी जाए और किसानों को कतार में अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। इसके साथ ही तुलाई तथा भुगतान की प्रक्रिया समय सीमा में पूरी की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में मंडियों में खरीदी प्रक्रिया और भावांतर योजना के तहत चल रही कार्यवाही के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सचिव श्री वरवड़े ने मंडी परिसर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए कहा कि मंडी का मुख्य उद्देश्य किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाना है। उन्होंने नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और बोली के दौरान एक रुपये की बोली न लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह कहा कि मंडी अधिकारी और व्यापारी यह प्रयास करें कि नीलामी के दौरान बोली अधिक से अधिक रहे, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिले।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मॉइश्चर मशीन और ग्रेड सेपरेटर जैसी मशीनों के उपयोग की जानकारी ली और कहा कि इनका सही प्रयोग कर उपज का सटीक वर्गीकरण किया जाए, जिससे किसानों को उनकी फसल की गुणवत्ता के अनुसार मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने मंडी प्रशासन को प्रतिदिन की गतिविधियों की रिपोर्ट तैयार करने और समय-समय पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

सचिव श्री वरवड़े ने किसानों की सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मंडी परिसर में किसानों को भोजन की उचित व्यवस्था मिले और निर्धारित दर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर राज्य कृषि विपणन बोर्ड की संयुक्त संचालक सविता झानिया, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, कृषि उपसंचालक अशोक कुमार उपाध्याय, तहसीलदार डॉ. अमित सिंह और मंडी सचिव नरेंद्र कुमार माहेश्वरी उपस्थित थे।

### जहरीली कफ सिरप से प्रदेश में दो दर्जन से ज्यादा मौतें, फिर भी जिले में जांच की कछुआ चाल

# जांच की खानापूर्ति: जिले में 600 मेडिकल, 7 दिन में महज 25 मेडिकल दुकानों की ही जांच

### जिले में कुल 600 मेडिकल की दुकानें हैं। इधर छिंदवाड़ा में हुई बच्चों की मौत के बाद ड्रग विभाग की टीम ने जिले में मेडिकल दुकानों की जांच की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश में जहरीले कफ सिरप से बच्चों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मऊगंज में एक और मासूम की मौत के बाद आमजनों में भय है, बावजूद जिले का ड्रग प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहा है। जिले में कुल 600 मेडिकल दुकानें हैं, लेकिन उनकी जांच की रफ्तार देखकर लगता है कि प्रशासन को किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है।

बता दें जिले में कुल 600 मेडिकल की दुकानें हैं। इधर छिंदवाड़ा में हुई बच्चों की मौत के बाद ड्रग विभाग की टीम ने जिले में मेडिकल दुकानों की जांच की शुरुआत की, लेकिन हैरत की बात यह है कि 7 दिन में महज 25 मेडिकल दुकानों की ही जांच हो सकी, जिनमें सीहोर में 15, आष्टा में 10 दुकानों की जांच की गई। अगर 7 दिन में केवल 25 दुकानों की जांच हो रही है तो सभी 600 दुकानों को कवर करने में 6 महीने से ज्यादा का समय लग जाएगा।

#### 3 नवंबर को तीन मेडिकलों की जांच

ड्रग अमले ने जिला मुख्यालय पर दूसरी बार 3 नवंबर को जांच पड़ताल की।

हालांकि इस दौरान महज तीन दुकानों की जांच पड़ताल हो सकी, जिनमें साई मेडिकल, हिन्द मेडिकल और मोदी मेडिकल की जांच की गई।

इस तरह की धीमी और सीमित जांच से यह स्पष्ट है कि विभाग केवल औपचारिकता पूरी कर रहा है, जबकि छिंदवाड़ा की घटना के बाद से जिले में भी माता-पिता अपने बच्चों को दवा पिलाने से पहले डर रहे हैं।

#### जांच के बिंदु

ड्रग इंस्पेक्टर किरण मग्रे के नेतृत्व में सात दिनों में जिला मुख्यालय पर 15 दुकानों की जांच की गई, जिनमें सूर्या मेडिकल, सीहोर केमिस्ट, न्यू सीहोर केमिस्ट, ताहिर मेडिकल, विनायक मेडिकल, सीहोर फार्मेसी, भाग्य लक्ष्मी मेडिकल, फार्मा मेडिकल, साई मेडिकल, हिन्द मेडिकल और मोदी मेडिकल शामिल हैं। जांच के दौरान दवाओं के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड का सत्यापन। एक्सपायर्ड दवाओं का सही रख-रखाव। प्रतिबंधित दवाओं के विक्रय की जांच आदि शामिल हैं।

#### निरंतर जारी रहेगा सिलसिला

मेडिकल दुकानों की जांच का सिलसिला लगातार चलता रहेगा। अब तक सीहोर में 15 व आष्टा में 10 मेडिकल दुकानों की जांच की गई है। जांच के दौरान मेडिकल दुकान संचालकों को गाइडलाइन के अनुरूप दुकानों के संचालन की बात कही जा रही है। जिले में करीब 600 मेडिकल दुकानें हैं।

**किरण मग्रे,** ड्रग इंस्पेक्टर सीहोर